11:23 AM ··· 94

एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग के छात्रों ने संस्थान का किया नाम रोशन

एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग के छात्र।

सवेरा न्यूज/सतीश शर्मा

जालंधर, 9 मार्च : ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग के छात्रों ने हाल-ही में आयोजित इंटर-कॉलेज इवैंट 'कलर्स 2023' में विभिन्न कार्यक्रमों में शीर्ष स्थान हासिल करके संस्थान के लिए शानदार उपलिब्धयों का दर्जा पाया। संस्थान के छात्रों ने फैशन शो, डिबेट, पोस्टर बनाना, क्विज, ट्रेजर हंट, फोटोग्राफी और बिजनैस प्लान जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सभी छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। संस्थान का फैशन शो इस इवैंट का मेन हाइलाइट था। इस बीच सभी प्रतिभागियों ने अपना अनोखी स्टाइल और डिजाइन प्रदर्शित किया। डिबेट किया। प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर के कई प्रसिद्ध कालेजों की भागीदारी रही।

प्रतियोगिताओं का नतीजा एक नजर में...

डिबेट : नंदिनी बग्गा और दिलप्रीत कौर ने पहला स्थान।

पोस्टर मेकिंग : राहुल ने पहला।

क्विज प्रतियोगिता अदिति राणा, रोहन महाजन और आदेश कुमार ने पहला स्थान।

बिजनैस प्लान : शुभांकर और आकांक्षा त्यागी ने पहला।

फैशन शो : जसमिलन कौर, हरप्रीत सिंह, नाज बुटालिया, अभिशिव काशु, दिव्यांश भल्ला, सानिया भसीन, इशिता खुराना, पाखीर ठाकुर, अर्शिया बलूनी, अभिषेक गुलेरिया, अभिरूप बैनर्जी और करुणा शर्मा ने दूसरा स्थान हासिल किया।